एलयू में लेट फीस, प्रवेश निरस्त के आदेश पर छात्रों का धरना

प्रदर्शन के दौरान एडिशनल प्रॉक्टर के हाथ में लगी चोट, प्राथमिक उपचार से राहत

बवाल

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में कुलपति को छात्रों ने लेट फीस लेने और प्रवेश निरस्त करने से जुड़े आदेश के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान कुछ छात्रों ने मुख्य द्वार जबरन बंद करने का प्रयास किया तो एडिशनल प्रॉक्टर प्रोफेसर मोहम्मद आजम का हाथ गेट में दब गया। इससे उनके हाथ में चोट आ गई। जिससे अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि उन्हें गंभीर चोट नहीं लगी और प्राथमिक उपचार देते ही उन्हें राहत मिल गई। इस दौरान मुख्य कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने न्यू कैंपस में पहुंचकर छात्रों को मनाने की भरपूर कोशिश की, मगर विद्यार्थी किसी की बातें बात सुनने को तैयार नहीं थे।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि फीस देर से जमा करने पर लेट फीस लेना और समय पर न जमा कर पाने पर प्रवेश निरस्त किए जाने के नुक्तालयी फरमान को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। अभी तक छात्रों को स्कॉलरशिप नहीं आई है। सेमेस्टर का फीस सभी छात्र स्कॉलरशिप आने के बाद देते थे। अब नई व्यवस्था के तहत फीस पहले जमा कराई जा रही है। दूसरी तरफ मांगों को लेकर छात्रों ने मुख्य कुलानुशासक को कुलपति के नाम का ज्ञापन भी सौंपा।

कुलपति नहीं आते न्यू कैंपस : प्रदर्शन के दौरान विधि छात्र प्रवीण ने आरोप लगाया कि नए कुलपति नवीन परिसर आकर छात्रों की समस्याओं को नहीं सुन रहे।

आदेश को वापस लेने की मांग पर अड़े: छात्रों ने मांग की कि कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की तरफ से 12 फरवरी को जारी किए गए नोटिस वापस लेने के बाद ही प्रदर्शन खत्म होगा। कुलपति को रजिस्ट्रार से भी इसका उल्लेख किया गया। इसके अलावा कुल पांच सूत्रीय मांगों को लेकर भी छात्र अड़े रहे। इनमें शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि हटाए जाने के अलावा प्रवेश निरस्त करने का प्रावधान भी शामिल है। स्कॉलरशिप दिलाने की मांग के अलावा कुलपति से वार्ता के लिए छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को समय देने की मांग भी की गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में कुलपति को छात्रों ने लेट फीस लेने और प्रवेश निरस्त करने से जुड़े आदेश के खिलाफ प्रदर्शन किया।

पांच और छात्रों के खिलाफ चालान की कार्रवाई

लखनऊ। लखनऊ विधि में लगातार परिसर में निर्माण कार्य को रोकने, दिव्यांग कैंटीन के सामने सड़क पर बैठकर नारेबाजी व प्रदर्शन करने और सार्वजनिक स्थान पर जमाव बढ़ने पर पांच अन्य विद्यार्थियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। जिसमें मोहम्मद हमजा, सैयद हुसैन अब्बास जैदी, मोहित कुमार यादव, मोहम्मद इंतिजार और शाहब हुसैन का नाम शामिल है। पुलिस ने नोटिस जारी कर निर्देश दिया है कि संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। पूछताछ कि शांति भंग और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में 50-50 हजार रुपये की जमानत राशि जमा कराने की कार्रवाई क्यों न की जाए।

मेस का खाना खाकर दो छात्राओं की हालत बिगड़ी

प्रदर्शन

> डॉक्टर परीक्षण कर चुके हैं। छात्रा पूरी तरह स्वस्थ है। मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।
> **प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव**, प्रॉक्टर, एलयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के गंगा छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता को लेकर बुधवार शाम छात्राएं परिसर में बैठ गईं। हॉस्टल के मेस में परोसे गए कथित दूषित भोजन को लेकर स्थिति गंभीर हो गई है। जानकारी के मुताबिक, एलएलबी अंतिम वर्ष की छात्रा मेघना साह ने दोपहर में मेस का खाना खाया था। कुछ ही देर में उन्हें उल्टियां शुरू हो गईं और वह बेहोश हो गईं। मेघना का कहना है कि दाल में कीड़े जैसी चीज नजर आई। उसका स्वाद अजीब था। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया।

उधर देर रात एक और छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे तत्काल डॉक्टर के पास ले जाया गया। बताया जा रहा है कि मेस का खाना खाने के बाद कई छात्राओं ने पेट दर्द, उल्टी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें की हैं। इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहीं छात्राओं ने आरोप लगाया है कि दूषित भोजन के खिलाफ परिसर में कैदी के दौरान हॉस्टल की प्रोवोस्ट नीलम सिंह ने उन्हें समझाया। घटना के बाद हॉस्टल में आक्रोश का माहौल है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि वार्डन और हॉस्टल की प्रोवोस्ट को सूचना दी गई, लेकिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं हुए। उनका कहना है कि मेस की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें की गई थीं, पर सुधार नहीं हुआ।

गंगा छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता को लेकर छात्राएं धरने पर बैठ गईं।

शहर 30s

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व महानगर अध्यक्ष ने नए मतदाताओं के फार्म भरे।

पात्र का नाम वोटर लिस्ट से न छूटे: ब्रजेश

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने पार्टी की ओर से बनाए जा रहे दो दिवसीय विशेष मतदाता पुनरीक्षण शिविर का निरीक्षण किया। वैट विधानसभा क्षेत्र के अंबेडकर शिक्षा निकेतन बूथ पर पहुंच कर लोगों के फार्म भरवाने में सहयोग किया। उन्होंने अधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल होना चाहिए। डिप्टी सीएम ने घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से संवाद किया।

वोट बनवाने में जुटें कार्यकर्ता : अखिलेश

खोजनीनगर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता तत्परता के साथ एसआईआर में लगे रहें और युवाओं के वोट जरूर बनवाएं, क्योंकि युवा ही परिवर्तन लाएंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष फॉर्म-सात का दुरुपयोग कर पीडीए समाज का वोट कटवाने के लिए लगा हुआ है। कुशवाहा को रास्ता नहीं होने देना है। वह बुधवार को कानपुर जाने के दौरान बंथरा बाजार में स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

कानपुर जाने के दौरान अखिलेश यादव का बंथरा में स्वागत किया गया।

आशियाना में स्मार्ट मीटर लगा रहे कर्मी से मारपीट

लखनऊ। आशियाना के बिल्ला गांव में बुधवार को कुछ लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान एक कर्मचारी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़ित कर्मचारी रोहित गौतम ने बताया कि उनकी टीम स्मृति पलाशा के सामने वाली गली में स्मार्ट मीटर बदलने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान कुछ लोग वहां आए और गाड़ी हटाने में हुई मामूली देरी पर उन पर हमला कर दिया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में झूमे भक्त, बजी बधाइयां

लखनऊ। कौशिंदी स्थित 51 शक्तिपीठ मंदिर में श्रीमद भागवत कथा के दौरान बुधवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा व्यास कौशिक चैतन्य महाराज ने भगवान के जन्म पर भक्तों को उनके प्रसंग की बधाइयां व बिलौने बिलोए। झांकी के दौरान नवल तिवारी ने वासुदेव की भूमिका निभाई। उन्होंने सिर पर नवजात श्रीकृष्ण को लेकर यमुना नैया को पार किया।

खुदरा व्यापार की बाधाएं दूर करने की मांग

लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने खुदरा कारोबार की बाधाओं को दूर करने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप दंडल ने कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए इंस्पेक्टर राज का पूर्ण समाप्त होना आवश्यक है। वह बुधवार को एक निजी होटल में आयोजित 'स्वदेशी व्यापारी जुटान' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

छात्राओं ने प्रस्तुत किया थीम पर कार्यक्रम

मलिहाबाद। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मलिहाबाद में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजित थीम पर आधारित कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं की नारी शक्ति पर आधारित विभिन्न नाट्य, भाषा व गायन प्रस्तुतियां मनमोहक रहीं। तहसीलदार मलिहाबाद केशव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

आश्रम की तैयारियों का जायजा लिया

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के राधा स्वामी सत्संग व्यास आश्रम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय विशेष सत्संग कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को पीपहर दीपम विशाखा जी व संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) चंचल कुमार आश्रम पहुंचे। वहां आश्रम के पदाधिकारियों के साथ पैदल की और तैयारियों का जायजा लिया। मोहनलालगंज स्थित राधा स्वामी आश्रम में 28 फरवरी व एक मार्च को विशेष सत्संग का आयोजन होना है। जिसमें लगभग दो लाख श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आश्रम प्रशासन के साथ पुलिस व प्रशासन भी मुस्तैद है।

खराब मिठाई, चीज और दूध नष्ट कराया

छापेमारी

लखनऊ, प्रयं। होली और रमजान पर मेहल खराब करने की कई जमाखोरों और मिलावटी कारोबारियों ने तैयारी कर रखी है। एफएसडीए की टीम ने रेड करने के बाद कई जगह छापेमारी की तो खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी हैरान रह गए। ट्रांसपोर्ट नगर में पराग मिल्क फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में बड़े पैमाने पर खराब मिठाई, मुनाफा जामुन, मिल्क चीज, डबल टोंड मिल्क खराब हो चुका था। एफएसडीए की टीम को इसे नष्ट कराने के लिए नगर निगम की गाड़ी बुलवानी पड़ी।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इस फर्म में 21 लाख 16 हजार 276 रुपये की 19998 किलोग्राम मिठाइयां, 3240 लीटर डबल टोंड मिल्क, 1551 किलोग्राम घी नष्ट कराया गया। घी की गुणवत्ता बेहद खराब थी जिसकी वजह से इसको नष्ट कराना पड़ा। सहायक आयुक्त (खाद्य, द्वितीय) विजय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई हुई। उन्होंने बताया कि दिन भर कार्रवाई में विभाग ने करीब 14.61 लाख रुपये का खराब खाद्य पदार्थ नष्ट कराया, जबकि 32.62 लाख रुपये के खोये को सीज कर दिया गया।

दूसरे जिलों से मिलावटी खोवा भी शहर पहुंच रहा : एफएसडीए की एक अलग टीम ने जेल्टा मॉल रोड पर दो फिकअप वाहनों को रोककर उनमें लदे दूध और खोया की जांच की। जांच के दौरान खोया मिलावटी मिला। मौके पर 2028 किलोग्राम खोया नष्ट करा दिया गया। 13050 किलोग्राम खोया की बिक्री पर जांच रिपोर्ट आने तक रोक लगा दी गई है।

सरोजनीनगर में आलू के चिप्स सीज किए गए

त्योहारों पर बिकने वाली कचरी, चिप्स की भी जगह-जगह जांच हुई। खाद्य पदार्थों के परीक्षण बाद जाने के बाद सीज किया गया। इसी क्रम में सरोजनीनगर स्थित नेशनल फूड प्रोडक्ट से 49 किलोग्राम के आलू चिप्स सीज किए गए हैं।

बाहरी जिलों का बासी और मिलावटी खोवा खपाया जा रहा

एफएसडीए की टीमों ने घटिया बासी व मिलावटी खोवा पर कई जगह कार्रवाई की है। पीजीआई स्थित सहस्र कोल्ड स्टोरेज में 10 कारोबारियों का 12800 किलोग्राम खोवा रखा मिला। इसका अनुमानित मूल्य 32 लाख रुपये है। खोवा प्रथम दृष्टया घटिया मिलने पर इसकी बिक्री प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने तक रोक दी गई है। इंदिरानगर स्थित बुद्ध विहार पास कालोनी के कारोबारी पवन गुप्ता के यहां 30 किलोग्राम घटिया खोवा मिला जिसे नष्ट करा दिया गया। इसके अलावा 250 किलोग्राम खोवा अलग-अलग स्थानों से जब्त किया गया है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने तक बिक्री के लिए रोक दिया गया। बाहरी जिलों से खोवा आ रहा है।

रमजान बाद मजार हटाने पर फैसला

लखनऊ। के.जी.एमयू परिसर में मजार हटाने का मामला फिलहाल टाल दिया गया है। अब रमजान के बाद मजार हटाने पर फैसला होगा। इससे मजार की देख-रेख करने वालों ने राहत की सांस ली है।

के.जी.एमयू परिसर में करीब आधा दर्जन मजार हैं। इन्हें हटाने का नोटिस भेजा जा चुका है। 28 फरवरी तक मजार को हटाने का अल्टीमेटम दिया जा चुका है। इससे पहले के.जी.एमयू प्रशासन ने 23 जनवरी को परिसर में स्थित पांच मजारों पर नोटिस चस्पा की थी। अंजुम हीदिया मोहम्मदी मिशन ने नोटिस का विरोध किया। के.जी.एमयू प्रशासन रमजान के बाद ही इस पर आगे की कार्रवाई करेगा।

संस्कार-संस्कृति को जीवित रखना होगा: महाना

लखनऊ, संवाददाता। कमलीश्वरण पीजी कॉलेज में बुधवार को वार्षिकोत्सव 2026 का मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुहार्रम किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को आवश्यकता सभी जगह होती है। टेक्नालॉजी के कारण जो नया युग आ रहा है, हमें उसके साथ समन्वय स्थापित करना होगा। पहले पीढ़ियां जहां 20-25 वर्ष में बदलती थीं, अब नई जनरेशन 25 वर्ष का समय नहीं लेती। सतीश महाना ने कहा कि हमें अपने संस्कार और संस्कृति को जीवित रखना होगा, यही हमारी पहचान है।

कमलीश्वरण पीजी कॉलेज में वार्षिकोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सम्मिलित हुए।

उन्होंने कहा कि जीवन के कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने का कोई विकल्प नहीं होता, हमारे द्वारा की गई एक भी गलती जीवन भर चिपकती है। विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है। सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करना, लेकिन किसी को हटाने का काम नहीं करना, वरना पीछे छूट जाओगे।

व्यवहार में बदलाव लाकर व्यक्तित्व निखारें: सैनी

लखनऊ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अंबी सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यवहार में बदलाव लाकर व्यक्तित्व को निखारना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला ने युवा पीढ़ी को व्यवहार, टेक्नालॉजी-युक्त शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

मृतक को बना दिया भाजपा का प्रतिनिधि, हल्ला मचा तो सुधारा

मोहनलालगंज। भाजपा के अवध क्षेत्र की जिला प्रतिनिधि की सूची में मृतक आनंद कुमार पांडेय का नाम भी शामिल कर लिया। सूची जारी होते ही हलचल मच गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष की तरफ से कुछ ही देर बाद संशोधित सूची जारी की गई। संशोधित सूची में आनंद की जगह पर अंजनी शुक्ला का नाम शामिल किया। संगठनात्मक अवध क्षेत्र के अध्यक्ष की ओर से मंडल अध्यक्ष तथा जिला प्रतिनिधि की एक सूची जारी की गई। इसमें मोहनलालगंज निवासी आनंद कुमार पांडेय का नाम शामिल था। उनका 8 महीने पहले निधन हो चुका है।

> निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आनंद कुमार ने भी नामांकन पत्र भरा था। उनका निधन हो गया। मानवीय त्रुटि के कारण नाम शामिल हो गया था। जानकारी होते ही संशोधित सूची जारी की गई है।
> **-विजय मौर्य**, जिला अध्यक्ष भाजपा

बंदरों से परेशान स्कूल के बच्चे

मलिहाबाद। मोहान-मलिहाबाद रोड पर केवलहार स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल के बच्चे इन दिनों बंदरों के झुण्ड से परेशान हैं। स्कूल में इन बंदरों की मौजूदगी से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। स्कूल वन विभाग को इसकी सूचना दी है।

Uttarakhand State Cooperative Federation Ltd.
"UCF Sadan", Vishnu Vihar, Deep Nagar Road, Dehradun - 248 001
E-mail: ucfdehradun@gmail.com Website: ucf.org.in

Ref: 2501/UCF/2025-26 Dated : 26.02.2026

REQUEST FOR INFORMATION (RFI) / EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FOR DEVELOPMENT OF PROPERTY AT SOYABEAN PROJECT, HALDUCHAUR HALDWANI, NAINITAL, UTTARAKHAND

Details may be obtained on the above website. A pre-submission meeting is scheduled at 3.00 PM on 10th March 2026 at the above address. Participation through VC is also permitted on request. Interested parties may also seek clarification through above e-mail. The Proposals may be submitted till 5:00 PM on 30th March 2026. Managing Director

आधुनिक लैब से जांच की रफ्तार बढ़ेगी: संजय प्रसाद

मरोजनीनगर, संवाददाता। अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने कहा कि पहले प्रदेश में फॉरेंसिक जांच की सीमित व्यवस्था थी। जिसके कारण जटिल मामलों की रिपोर्ट आने में चार-पांच वर्ष तक लग जाते थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर आधुनिक फॉरेंसिक लैब स्थापित की जा चुकी हैं। इसीलिए अब जांच प्रक्रिया तेज हो गई है। शनिवार बुधवार को मरोजनीनगर स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस परिसर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला को मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को डिजिटल और लक्ष्यभेद फेसलेस बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। पुलिस, जेल, अभियोजन और फॉरेंसिक लैब को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। साथ ही एआई आधारित, डीएनए और डिजिटल प्रूफ से निपटने के लिए सभी जिलों में साइबर थाने और हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव प्रसाद दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में सम्मिलित हुए।

शंकराचार्य प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग

लखनऊ। शहर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। लोगों ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों के साथ कथित दुर्व्यवहार की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव लाली, डॉ. शहजाद आलम तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह कन्नौजू ने आरोप लगाया कि कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य एवं उनके शिष्यों को स्नान से रोका गया और चहुंओर के साथ अभद्रता की गई।

गोष्ठी का आयोजन

लखनऊ। लखनऊ स्थित के अधिवक्ताओं संकल्प में बढ़ता नशा - भटकता युवा विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता समाजसेवी नरेन्द्र बहादुर सिंह चौहान रहे।

आईजीपी में कल से मीन महोत्सव

लखनऊ, संवाददाता। प्रदेश के मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि व एकता पर्यटन को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न उद्देश्यों को लेकर 27 व 28 फरवरी को गोमती नगर स्थित इंडियन मॉर्डन प्रोफेशन (आईजीपी) में मीन महोत्सव (एकता एक्सपो) का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में देश व प्रदेश के प्रसिद्ध पैशनिक, उद्यमी और प्रदेश के करीब एक हजार मत्स्य पालक शामिल होंगे। महोत्सव में औद्योगिक प्रदर्शनी के साथ विभिन्न कम्पनियों के करीब 50 स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

बुधवार को गोमती नगर स्थित होटल ताज में यह जानकारी मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रसार, उत्पादकता संवर्धन और मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि के लिए सर्वोत्तम मॉडल प्रस्तुत करना है।

इस दौरान मत्स्य किसानों की जरूरी समस्याओं के समाधान, नवीन तकनीकों व बाजार से जोड़ने के व्यावहारिक रास्ते समझाना व मछली पालन को अधिक लाभकारी बनाने पर जोर दिया जाएगा।

मत्स्य पालन क्षेत्र को मजबूत करें: बघेल

लखनऊ। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी और पशुपालन राज्य विभाग के राज्यमंत्री डॉ एस पी सिंह बघेल ने तैयारियों का जायजा लिया। नेशनल फिशरी और विकास जेनेटिक्स रिसोर्सेज (एनबीएजीआर) का दौरा कर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री ने मत्स्य पालन क्षेत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मछली किसानों और संबंधित समुदायों की आय बढ़ाएं। अनुसंधान करें।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!
punjab national bank ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना E-Auction के आधार पर

परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति प्रबंधन, पीएनबी भवन सी 01 वेद व्यास पुरी, दिल्ली बाईपास रोड, मेरठ– 250002, ई–मेलः cs8278@pnb.bank.in

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 व 9 के अधिनियम, 2002 के तहत ई–नीलामी विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6 (2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

इसके द्वारा सामान्य जनसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/चार्ज की गई है तथा जिसकी निर्मित/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर विक्रय किया जाएगा। यह विक्रय संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के बकाया देयकों की वसूली हेतु किया जा रहा है। संबंधित संपत्तियों के लिए आरक्षित मूल्य तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट का विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

क्र0 सं0	शाखा/खाता/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण दृष्टिबंधक/प्रभार/बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधककर्ता)	(ए) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(2) की तिथि (बी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धार 13 (2) के तहत मांग सूचना (सी) दिनांक 31.01.2026 तक शेष राशि (डी) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(4) की तिथि (ई) कब्जे के प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) रिजर्व मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/दिनांक / सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	**शाखाः आबूलेन, मेरठ (Sol ID: 031800)** मैसर्स मातेश्वरी पेस्टीसाइड्स लिमिटेड (निदेशकों के माध्यम से) **(ऋणी)**, पंजीकृत कार्यालयः 158, अछरौंदा इंडस्ट्रियल एरिया, परतापुर, मेरठ- 250103। यूनिट का पताः प्लॉट संख्या 5, मोहकमपुर इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-II, चित्रा प्रकाशन फैक्ट्री के सामने, दिल्ली रोड, मेरठ - 250002। श्री अशोक कुमार पुत्र श्री टेक चंद **(निदेशक एवं गारन्टर)**, पताः मकान संख्या सी-8, गायत्री एस्टेट, बाईपास रोड, बिग बाइट रेस्टोरेंट के सामने, मेरठ- 250103। पताः मकान संख्या 301, पंचवटी एन्क्लेव, शताब्दी नगर, वासु मोटर्स के पास, रिठानी, मेरठ- 250103। पताः विलेज नं. 1, गोल्डन एस्टेट कॉलोनी, मेरठ बाईपास रोड, मेरठ - 250002। श्री अभिषेक जिंदल पुत्र श्री अशोक कुमार **(निदेशक एवं गारन्टर),** पताः मकान संख्या सी-8, गायत्री एस्टेट, बाईपास रोड, बिग बाइट रेस्टोरेंट के सामने, मेरठ- 250103। पताः मकान संख्या 301, पंचवटी एन्क्लेव, शताब्दी नगर, वासु मोटर्स के पास, रिठानी, मेरठ- 250103। पताः विलेज नं. 1, गोल्डन एस्टेट कॉलोनी, मेरठ बाईपास रोड, मेरठ- 250002। श्रीमती सुमन पत्नी श्री अशोक कुमार **(गारन्टर),** पताः मकान संख्या सी-8, गायत्री एस्टेट, बाईपास रोड, बिग बाइट रेस्टोरेंट के सामने, मेरठ- 250103। पताः मकान संख्या 301, पंचवटी एन्क्लेव, शताब्दी नगर, वासु मोटर्स के पास, रिठानी, मेरठ- 250103। पताः विलेज नं. 1, गोल्डन एस्टेट कॉलोनी, मेरठ बाईपास रोड, मेरठ- 250002। श्रीमती अंजली जिंदल पुत्री श्री अशोक कुमार **(निदेशक एवं गारन्टर),** पताः मकान संख्या सी-8, गायत्री एस्टेट, बाईपास रोड, बिग बाइट रेस्टोरेंट के सामने, मेरठ - 250103। पताः मकान संख्या 301, पंचवटी एन्क्लेव, शताब्दी नगर, वसु मोटर्स के पास, रिठानी, मेरठ- 250103। पताः विलेज नं. 1, गोल्डन एस्टेट कॉलोनी, मेरठ बाईपास रोड, मेरठ- 250002। श्रीमती नवनीत कौर पत्नी श्री भूपेंद्र सिंह **(निदेशक)**, पताः 10, जवाहर पुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश- 250001। पताः मकान संख्या 73 एवं 77, मोहल्ला बड़ा बाजार, कंकरखेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश- 250001।	**शाखाः आबूलेन, मेरठ (Sol ID: 031800)** बंधक व्यावसायिक दुकान संख्या एफ-109, क्षेत्रफल 140.00 वर्ग मीटर, स्थित ट्रांसपोर्ट नगर, कानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226012। **स्वामी/बंधककर्ताः** मैसर्स मातेश्वरी पेस्टीसाइड्स लिमिटेड। एल.डी.ए. से लीजहोल्ड आधार पर सीमाएं इस प्रकार हैंः पूर्वः दुकान संख्या एफ-108, पश्चिमः दुकान संख्या एफ-110, उत्तरः दुकान संख्या एफ-58, दक्षिणः 12 मीटर चौड़ी सड़क।	(क) 23.04.2018 (ख) रू0 1,50,52,497.00 + प्रभावी ब्याज दिनांक 01.04.2018 + कानूनी एवं अन्य खर्चे (ग) रू0 **2,87,33,286.76** + ब्याज दिनांक 01.02.2026 से + कानूनी एवं अन्य खर्चे एनपीए के बाद (घ) 19.06.2019 (ड.) सांकेतिक कब्जा	रू0 118.35 लाख रू0 11.84 लाख रू0 1.00 लाख	**27.03.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **26.03.2026**	**SA 331/2025 DRT Lucknow**

विक्रय सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन होगा तथा इसके अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तें भी लागू होंगीः–

1. संपत्तियों का विक्रय ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जाएगा।
2. उपरोक्त अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, तथापि इस घोषणा में किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलत विवरण अथवा चूक के लिए प्रार्थित अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
3. विक्रय, अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी मंच के माध्यम से www.pnbindia.in एवं https://baanknet.in वेबसाइट पर दिनांक 27.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जाएगा।
4. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाता को आरक्षित मूल्य से कम से कम एक बोली अधिक लगाना अनिवार्य होगा।
5. विक्रय की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए कृपया www.pnbindia.in एवं https://baanknet.com वेबसाइट देखें।

हस्ताक्षरित–
श्री विकास कुमार (मो0 8449876666)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक

दिनांकः 25.02.2026 स्थान – मेरठ प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार